प्रेस नोट थाना कोतवाली

जनपद शाहजहाँपुर

दिनांक – 12.11.2026

थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास सम्बन्धी अभियोग में वांछित एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी व तलाश वांछित/वारन्टी-जिलाबदर अपराधी व रोकथाम अवैध शराब-शस्त्र/अफीम चरस बिक्री-निर्माण एवं चैंकिग संदिग्ध व्यक्ति-वाहन/गश्त के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 11.11.2026 को थाना कोतवाली पर वादिनी द्वारा थाना कोतवाली पर दी गई तहरीर बाबत अभियुक्तगण द्वारा वादिनी के घर में घुसकर जमीन पर गिराकर गर्दन पर पैर रखकर जान से मारने की नीयत से दबाने आदि घटना के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 408/26 धारा 191(2),191(3),333,109(1),351(3)/115(2) बी.एन.एस. व 3(2)(Va) SC/ST ACT पंजीकृत किया गया था। उच्चाधिकारियों द्वारा घटना को गम्भीरता से लेते हुए घटना के सम्बन्ध में शीघ्र साक्ष्य संकलन कर विधिक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा टीम का गठन किया गया।

आज दिनांक 12.11.2026 को थाना कोतवाली पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि आपके मुकदमें से सम्बन्धित अभियुक्त अविनाश कुमार पुत्र स्व0 राजेश कुमार उम्र करीब 42 वर्ष, नि0मो0 बिजलीपुरा थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर, बरेली मोड़ जनपद शाहजहाँपुर पर सीतापुर की ओर जाने वाले रास्ते पर कहीं जाने की फिराक में खडा है अगर जल्दी की जाये तो पकडा जा सकता है उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुखविर द्वारा बताये स्थान बरेली मोड से एक व्यक्ति को पकड़ लिया पकड़े हुए व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए जामातलाशी ली तो इस व्यक्ति ने अपना नाम अविनाश कुमार पुत्र स्व0 राजेश कुमार उम्र करीब 42 वर्ष, नि0मो0 बिजलीपुरा थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर बताया जो थाना स्थानीय का वांछित अभियुक्त है। अतः अभियुक्त उपरोक्त को इसके जुर्म व धारा से अवगत कराते हुए कारण गिरफ्तारी बताकर दिनांक 11.11.2026 को समय करीब 17.40 बजे हिरासत पुलिस लिया गया। जिसको बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

- अविनाश कुमार पुत्र स्व0 राजेश कुमार, उम्र करीब 42 वर्ष, नि0मो0 बिजलीपुरा थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

- मु0अ0सं0 408/26 धारा 191(2)/191(3)/333/109(1)/351(3)/115(2) BNS व धारा 3(2)(Va) SC/ST ACT थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान का विवरणः-

- दिनांक 11.11.2026 समय को 17.40 बजे, बरेली मोड़ से सीतापुर की ओर जाने वाले रास्ते से।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण :-

1. उ0नि0 सुशांत रावत
2. का0 रोहित सांगवान
3. रि0का0 अभयवीर सोम